दैनिक भास्कर इंदौर, रविवार 4 अक्टूबर, 2015

टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर हो रहे आधुनिक अपराध

साइबर जागरूकता प्रशिक्षण में बोले आईजी कपूर

सिका सीनियर सेकंडरी स्कूल में छात्रों व स्टाफ को संबोधित करते आईजी कपूर।

भास्कर संवाददाता. इंदौर

कम्प्यूटर और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ ही साइबर क्राइम में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आधुनिक अपराधों के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तरह के साइबर अपराधों से जागरूकता द्वारा ही बचा जा सकता है।

ये बातें शनिवार को पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने सिका सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा आयोजित साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण में कही। उन्होंने बताया कि अपराधियों द्वारा किस तरह टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर आम नागरिकों, संस्थाओं, कार्यालयों आदि की जानकारी चोरी कर नुकसान पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कार्यालय, राज्य शासन के दफ्तर, अर्द्धशासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थानों सहित सभी स्थानों पर इंटरनेट के माध्यम से काम हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में एक छोटी सी गलती से भी निजी या शासकीय नुकसान हो सकता है। इनसे बचने के लिए साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता सबसे जरूरी है। हर क्षेत्र में काम करने वाले आधुनिक संचार साधनों का उपयोग करते हैं, इसलिए उन्हें आईटी एक्ट की जानकारी भी होना चाहिए। इससे गलती नहीं होगी। आईजी कपूर ने कहा कि जिस तरह हम इस दुनिया में जीने के लिए सुरक्षा मानकों को अपनाते हैं, उसी तरह इस आधुनिक संचार क्षेत्र जो काल्पनिक दुनिया कही जाती है इसमें भी साइबर अपराध से बचाव करना चाहिए। पीआरटीएस के पुलिस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने भी साइबर सुरक्षा के टिप्स दिए। आईजी ने यहां विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। आईजी द्वारा दी गई जानकारी को कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थियों और स्टाफ ने बहुत उपयोगी बताया। कार्यशाला में ज्ञान व उत्साह का प्रदर्शन करने वाले दो विद्यार्थियों तनु अग्रवाल और मयंक जोशी को आईजी ने प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज से सम्मानित भी किया।